# कार्यालय परियोजना अधिकारी,एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया जिला–रायगढ़ छ.ग.

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पद पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

कमांक/1168/स्था/आईसीडीएस/2026–27 खरसिया दिनांक /08/10/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आंगनबाडी केन्द्रों में नाम के सम्मुख संख्या में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता /सहायिका के रिक्त पदो में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित है । नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाओ से आवेदन पत्र दिनांक 08.10.2026 से 23.10.2026 तक ऑनलाईन पोर्टल **https://aww.e-bharti.in/** में ऑन लाईन आवेदन पत्र भर सकते है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है:–

| क. | केन्द्र का नाम | वार्ड कमांक एवं नाम | पद का नाम | रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरदिया 1 | वार्ड कमांक 17 ठाकुरदेव वार्ड | आं.बा. सहायिका | 1 |

आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएँ है:–

1. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद केवल महिलाओं के लिए ही होंगे ।
2. आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह सहायिका/संगठिका को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी) आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी । आयु के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड की अंकसूची ही मान्य की जावेगी
3. जिस ग्राम/वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड का स्थानीय निवासी होनी चाहिए । आवेदन पत्र के साथ निवास के संबंध में निम्नलिखित में से कोई एक दस्तावेज संलग्न किया जावेगा :–

   (क) उस ग्राम/नगरीय क्षेत्र की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे ।

   अथवा

   (ख) संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में की जाने वाली नियुक्ति में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत् रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो ।

   टीपः– यदि किसी आवेदक के निवास के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उस आवेदक के निवास के सत्यापन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
4. **ग्रामीण क्षेत्र** में आर्थिक सामाजिक एवं जाति जनगणना 2011 के अंतर्गत (i) स्वतः शामिल तथा (ii) वंचन सूचकांक के अंतर्गत आने पर ही निर्धारित अंक प्रदाय किया जावेगा । इस संबंध में केवल सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा । प्रमाण पत्र में सूचकांक का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है ।
5. **शहरी क्षेत्र की** आवेदिका के गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले परिवार की सदस्य होने पर परिवार के मुखिया के नाम से जारी प्रभावशील गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करे जो वर्तमान में प्रभावशील है जिसमें गरीबी रेखा सर्वे कमांक तथा आवेदिका का नाम अंकित होना अनिवार्य होगा ।
6. आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :–

   आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु – मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण

   आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु – 08 वीं उत्तीर्ण

   टीपः– उपरोक्त पदों हेतु उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता वाली कोई आवेदिका न मिलने पर शासन के नियमानुसार शैक्षणिक योग्यता में शिथिलता दी जावेगी ।

**मुल्यांकन –**

| क्र | योग्यता | प्रदान किये जाने वाले अंक | कुल अधिकतम प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 8 वीं उत्तीर्ण / न्यूनतम षैक्षणिक योग्यता | कुल प्राप्त अंको के प्रतिषत के 60 प्रतिषत अंक के बराबर अंक | 60 |
| 2 | विधवा अथवा कम से कम दो वर्ष से अधिक अवधि तक परित्यकता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर | 15 अंक | 15 |
| 3 | अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के महिला होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र | 10 अंक | 10 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | पूर्व से कार्यरत अनुभवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका/सह सहायिका होने पर (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ) | 1 वर्ष या उससे अधिक के अनुभव पर 06 अंक | 6 |
| 5 | आवेदिका गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के अंतर्गत आते हो तो (प्रभावशील सूची से ) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी | 6 अंक | 6 |
| 6 | अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवी तक अध्यनरत रहने पर | 03 अंक | 3 |

11. सहायिका पद हेतु प्रस्तुत आठवीं की अंक तालिका के ग्रेड पद्वति में जारी होने पर संबंधित विद्यालय के सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी प्राप्तांक विवरण सूची पृथक से संलग्न करना होगा अन्यथा की स्थिति में ग्रेड की न्यूनतम प्रतिशत के आधार पर मुल्यांकन किया जावेगा ।
12. नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र क्रमांक/728/1098/2008/मबावि./50 रायपुर दिनांक 02.04.2008 एवं समय–समय पर इस निर्देश में हुए संशोधन के तहत की जावेगी ।
13. **जिन प्रमाण पत्रों के आधार पर अंक प्रदान करते हुए प्रावधिक चयन सूची जारी की जानी है, समस्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड करने पर मान्य किया जावेगा ।**
14. आवेदन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
15. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद से बर्खास्त आवेदनकर्ता को अपात्र माना जावेगा ।

**विषेष**–दावा आपत्ति आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड़ वैध दस्तावेज के आधार पर किये दावा आपत्ति ही विचारणीय होगें ।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु ऑनलाईन पोर्टल https://aww.e-bharti.in/ में आवेदन कर सकते हैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओ का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है । इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय एवं अतिरिक्त मानदेय की पात्रता होगी ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
खरसिया जिला–रायगढ़(छ.ग.)

पृ.क./1169/स्था/आईसीडीएस/2025–26
खरसिया दिनांक /08/10/2026

प्रतिलिपिः–

1. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ ।
2. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् खरसिया जिला रायगढ़ छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
3. सहायक संचालक सूचना एवं जनसंपर्क रायगढ़ छ.ग. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर अनुरोध है कि कृपया उक्त आंगनबाड़ी सहायिका की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सूचना पत्र निर्धारित तिथि तक स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करेगें ।
4. संबंधित पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया जिला–रायगढ़(छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
खरसिया जिला–रायगढ़(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner